Regarding need to increase the honorarium of Anganwadi workers-laid

श्री भोलानाथ ?बी. पी. सरोज? **(मछलीशहर):** उत्तर प्रदेश में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय आवश्यकता से बहुत कम है । सरकार द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाती है उसको ये पूरी लगन तथा मेहनत के साथ पूरा करती हैं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को 7500 रूपए, मिनी कार्यकर्त्ता को 600 रूपये तथा सहायिका को 3750 रूपये प्रति माह होने के कारण इनको अपने परिवार के पालन पोषण तथा बच्चो की शिक्षा दीक्षा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । सरकार की तरफ से मानदेय बढाने की घोषणा की गई थी, किन्तु बढ़ा हुआ मानदेय प्राप्त नहीं हुआ । मेरा सरकार से निवेदन है कि माननीय मंत्री जी इनकी आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने की कृपा करें ।